मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना

राजस्थान चिकित्सा सेवा निगम लिमिटेड

गाँधी ब्लॉक, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर – 302005 (राज.)
फोन न: 0141-2228066 , 2228064 फैक्स नं 0141-2228065 वेबसाईट : www.rmsc.health.rajasthan.gov.in
सीआईएन. :U24232RJ2011SGC035067 ई–मेल :: edprmsc@nic.in

क्रमांक : F.02(332)/RMSCL/PROCUREMENT/DRUG/NIB-22/2021/ 2957 Dated:- 16.09.2022

कार्यालय आदेश

भैषज एंव औषधियों की आपूर्ति एवं दर संविदा के लिये जारी की गई निविदा सूचना क्रमांक F.02(332)/RMSCL/PROCUREMENT/DRUG/NIB-22/2021/1380 Dated:- 04.08.2021के अन्तर्गत M/s Sai Parenterals Pvt. Ltd., D4 & D1 Phase5, ida, Jeedimetal, Hyderabad द्वारा आईटम कोड 33- Tramadol Injection 50 mg/ ml एवं आईटम कोड 276- Ranitidine HCL Injection IP 50mg/2ml के लिये बिड प्रस्तुत की गई थी। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 26.10.2021 एवं वित्तीय बिड दिनांक 04.03.2022 को खोली गई।

फर्म ने निविदा में आईटम कोड संख्या 33- Tramadol Injection 50 mg/ ml के लिये दर रू 2.70+12% GST = 3.02 व आइटम कोड 276- Ranitidine HCL Injection IP 50mg/2ml के लिये दर रू 1.40+12% GST = 1.57 प्रस्तुत की थी। फर्म द्वारा प्रस्तुत की गई दरें न्यूनतम होने के कारण एल–1 रही। निविदा में आइटम कोड 33 के लिये 2 ml Amp(10 ampoules) व आइटम कोड 276 के लिये 2 ml Amp (Amber colour) (25 ampoules) की दरें मांगी गई। फर्म ने अपने पत्र दिनांक 08.03.2022 द्वारा अवगत कराया कि आईटम कोड 33 के लिये गलती से दर रू 2.70+12% GST = 3.02 व आइटम कोड 276 के लिये 1.40+12% GST = 1.57 कोट हो गयी, जिसे स्वीकार नहीं किया जावे। प्रकरण दिनांक 09.03.2022 को हुई क्रय समिति की बैठक मे रखा गया जिसमें बिड को मोडिफाई मानते हुए फर्म के उक्त आइटम की बिड को निरस्त करते हुये निविदा शर्तों के तहत कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

फर्म से इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 901 दिनांक 05.04.2022 के द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया परन्तु इस सम्बन्ध में फर्म द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया।

अतः क्रय समिति बैठक दिनांक 09.03.2022 के निर्णय की पालना में निविदा शर्त संख्या 9(7) "No Bidder shall be allowed to claim revision or modification of bid after opening of bid. If any bidder withdraws or modifies its bid after opening of bid the bid security taken from the bidder shall be forfeited. Representation to make correction in the Bid documents on the ground of Clerical error, typographical error, etc., committed by the Bidders in the Bids shall not be entertained after submission of the Bids. Conditions such as "SUBJECT TO AVAILABILITY" "SUPPLIES WILL BE MADE AS AND WHEN SUPPLIES ARE RECEIVED" etc., will not be entertained under any circumstances and the Bids of those who have given such conditions shall be treated as incomplete and accordingly the Bid will be rejected." के तहत आईटम कोड 33 व 276 की बिड को निरस्त करने एवं पैनल्टी राशि रू 236000/– (GST@18% सहित) (अक्षरे राशि रू दो लाख छत्तीस हजार मात्र) की पैनल्टी आरोपित किए जाने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

प्रबन्ध निदेशक
आरएमएससीएल

क्रमांक : F.02(332)/RMSCL/PROCUREMENT/DRUG/NIB-22/2021/ 2957 Dated:- 16.09.2022

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सहायक, प्रबन्ध निदेशक, आर.एम.एस.सी।
2. कार्यकारी निदेशक, (वित्त), आरएमएससी को भेज कर लेख है कि मैसर्स M/s Sai Parenterals Pvt. Ltd., द्वारा बिड सिक्योरिटी राशि के लिये Bid Security Declaration (on Rs.50/- stamp) लगाया गया था। फर्म की निगम में जमा राशि या कोई भुगतान बकाया है से राशि रू. 200000/– होल्ड करने हेतु पूर्व में लिखा गया था साथ ही शेष राशि रू. 36000(GST@18%) भी होल्ड करें। । फर्म द्वारा निर्धारित तिथि तक राशि रू. 236000/– निगम में जमा नहीं कराने की स्थिति में अलग से यू.ओ. नोट द्वारा अवगत करवा दिया जावेगा।
3. कार्यकारी निदेशक (क्यू. सी.), आरएमएससी।
4. विशेषाधिकारी, आरएमएससी ।
5. सम्बन्धित निविदादाता मैसर्स M/s Sai Parenterals Pvt. Ltd., D4 & D1 Phase5, ida, Jeedimetal, Hyderabad को भेजकर लेख है कि आरोपित की गयी पैनल्टी राशि रू. 236000/– (GST@18% सहित) (अक्षरे राशि रू दो लाख छत्तीस हजार मात्र) निगम में दिनांक 23.09.2022 तक जमा (डीडी/चालान/RTGS) कराकर कार्यालय को अविलंब सूचित करें।
6. संयुक्त निदेशक, आई.टी., आरएमएससीएल को भेजकर लेख है कि इस आदेश को आरएमएससीएल की वेबसाइट तथा E-aushadhi Software में अपलोड़ करावें।

कार्यकारी निदेशक (पी)
आरएमएससीएल